दैनिक

# न्याय साक्षी

अधिकार से न्याय तक



## आवश्यक सूचना

आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्यायसाक्षी अधिकार से न्याय तक का सर्वे का कार्य तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्वे की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।


RNI NO - CHHHIN/2018/76480 || Postal Registration No-055/Raigarh DN CG || रायगढ़, गुरूवार 05 दिसम्बर 2019 || पृष्ठ-4, मूल्य 3 रूपए || वर्ष-02, अंक- 67

# जवानों के मध्य आपसी गोलीबारी से 6 की मौत, 2 गंभीर

**रायपुर (आरएनएस)।** छत्तीसगढ़ के नारायणपुर जिला मुख्यालय से करीब 60 किलोमीटर दूर कड़ेनार कैंप में आइटीबीपी के जवानों के बीच आपस में गोलीबारी होने से छह जवान मारे गए हैं। वही दो जवानों को गोली लगने से गंभीर रूप से घायल हैं। घटना में पांच जवान की मौके पर ही मौत हो गई, वहीं तीन जवान गंभीर रूप से घायल हो गये थे, जिसे अस्पताल ले जाया जा रहा था। उसी दौरान रास्ते में 01 जवान ने दम तोड़ दिया। मृतक जवानों में दलजीत सिंह, महेन्द्र सिंह, सुरजीत सरकार, उल्लास, मसदुल रहमान, विश्वरूप महतो एवं घायल जवानों में बृजेस और सीताराम जिन्हें इलाज के लिए भेजा गया है।

प्राप्त जानकारी के मुताबिक पिछले दो से तीन दिनों से जवानों में मतभेद की खबर आ रही थी, आज सुबह जवानों के बीच हिंसक झड़प हो गयी, जिसमें दोनों तरफ से गोलीबारी शुरू हो गयी। जानकारी के मुताबिक जिस जवान ने फायरिंग की शुरुआत की थी, उसकी भी गोलीबारी में मौत हो गयी है। घटना सुबह साढ़े 9 बजे की है, जिसमें एक जवान ने एके 47 से अंधाधुंध फायरिंग शुरू कर दी। जिसमें कई जवान की मौत हो गयी, मिल रही जानकारी के मुताबिक फायरिंग की शुरुआत करने वाले जवान ने बाद में स्वयं को भी गोली मार ली।

### » सभी जवान आईटीबीपी 45 बटालियन के



बताया जा रहा है कि सभी जवान आईटीबीपी 45 बटालियन के हैं। इधर घटना की सूचना के बाद पुलिस मौके पर पहुंच गई है। गंभीर रूप से घायल जवानों को उपचार के लिए हेलीकाप्टर की व्यवस्था की गई है। ज्ञात हो कि कड़ेनार का यह कैंप नारायणपुर के संवेदनशील नक्सल प्रभावित क्षेत्र का यह आखिरी कैंप है। आईटीबीपी के कई शीर्ष अधिकारी भी मौके पर पहुंच गये हैं। गृह मंत्री ताम्रध्वज साहू ने तत्काल घटना की जांच के आदेश दिए हैं।


घटना की पुष्टि करते हुए आईजी सुंदरराज पी. ने बताया कि बुधवार की सुबह कैंप में जवानों के बीच आपस में गोलीबारी होने से छह जवानों की मौके पर मौत हो गई है। वही दो जवान घायल हुए हैं। जिन्हें बेहतर इलाज के लिए हेलीकॉप्टर से रायपुर रेफर कर दिया गया है। घटना किस वजह से हुई है, इसकी पतासाजी की जा रही है। नारायणपुर एसपी ने भी घटना की पुष्टि की है।

## जवानों के बीच हुई फायरिंग घटना की होगी जांच-गृहमंत्री



गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू ने प्रदेश के नारायणपुर जिले के कडेनार इलाके में आईटीबीपी के जवानों में आपस में हुई फायरिंग की घटना के जांच के आदेश दिए हैं। गृहमंत्री साहू ने आज यहां राजीव भवन में पत्रकारों से चर्चा में आईटीबीपी के जवानों के बीच हुई फायरिंग की घटना को लेकर कहा कि इस घटना की जानकारी मिलते ही नारायणपुर एसपी और आलाधिकारी घटना स्थल रवाना हो गए थे। घटना की जांच के बाद ही सही जानकारी सामने आ पाएगी। उन्होंने कहा कि सरकार जवानों की हर आवश्यकताओं को पूरा करती है। उन्होंने कहा कि सरकार की ओर से जारी कोई आदेश, योजना या नियमों के कारण विवाद नहीं होता और ना ही जवान ड्यूटी के चलते परेशान थे। उन्होंने कहा कि इसका आपसी विवाद हो सकता है। साहू ने कहा कि घटना की जांच की जाएगी। जांच के बाद ही जवानों के बीच हुए विवाद का कारण पता चल पायेगा।

## घायल जवानों को रायपुर लाया गया, बेहतर उपचार देने सिंहदेव ने दिए निर्देश



छत्तीसगढ़ के नारायणपुर के कड़ेनार आईटीबीपी कैंप में हुई फायरिंग में घायल हुए जवानों को उपचार हेतु रायपुर लाया गया है। स्वास्थ्य मंत्री टीएस सिंहदेव ने घायल जवानों को बेहतर उपचार हेतु निर्देश दिए है। सिंहदेव ने कहा कि यह घटना जवानों के बीच संघर्ष का मामला है। उन्होंने इस घटना में घायल हुए जवानों को बेहतर उपचार के लिए निर्देश दिए है साथ ही विभागीय अधिकारियों को मॉनिटरिंग करने के भी निर्देश दिए है। इस घटना में घायल हुए जवानों को उपचार हेतु रायपुर लाया गया है। इनमें से एक जवान की हालत गंभीर बतायी जा रही है।

## महत्वपूर्ण एवं खास

### भारत बॉन्ड एक्सचेंज ट्रेडेड फंड शुरू करने की मिली मंजूरी

**नईदिल्ली (आरएनएस)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति (सीसीईए) ने भारत बॉन्ड एक्सचेंज ट्रेडेड फंड (ईटीएफ) बनाने और इसकी शुरुआत करने को मंजूरी दे दी है। इसे केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों (सीपीएसयू), केंद्रीय सार्वजनिक उपक्रमों (सीपीएसई), केंद्रीय सार्वजनिक वित्तीय संस्थानों (सीपीएफआई) और दूसरे सरकारी संगठनों के लिए पूंजी के अतिरिक्त स्रोत के तौर पर लाया गया है। भारत बॉन्ड ईटीएफ देश में पहले कार्पोरेट बॉन्ड ईटीएफ होगा। ईटीएफ सीपीएसई/ सीपीएसयू/ सीपीएफआई/ दूसरे सरकारी संगठनों के बॉन्ड (शुरुआत में सभी एएए बॉन्ड ) के बॉन्डस की बास्केट होगा।

### भारत और मालदीव के चुनाव आयोगों के बीच हुआ समझौता

**नईदिल्ली (आरएनएस)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने भारत निर्वाचन आयोग और मालदीव के चुनाव आयोग के बीच चुनाव प्रबंधन एवं प्रशासन के क्षेत्र में सहयोग के लिए समझौता ज्ञापन (एमओयू) के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। इसमें चुनाव प्रक्रिया के संगठनात्मक और तकनीकी विकास के क्षेत्र में जानकारियों एवं अनुभव का आदान-प्रदान, सूचना साझा करने में सहयोग, संस्थागत मजबूती एवं क्षमता निर्माण, कर्मचारियों का प्रशिक्षण और नियमित आधार पर विचार-विमर्श आदि शामिल है। प्रस्तावित एमओयू द्विपक्षीय सहयोग को बढ़ावा देगा। इसका लक्ष्य मालदीव के चुनाव आयोग को तकनीकी सहायता/क्षमता निर्माण में सहायता देना, चुनाव प्रबंधन एवं प्रशासन के क्षेत्र में सहयोग पर ध्यान देना है।

### वाइस एडमिरल रवनीत सिंह बने नौसेना के कार्मिक प्रमुख

**नईदिल्ली (आरएनएस)।** वाइस एडमिरल रवनीत सिंह एवीएसएम, एनएम ने 02 को वाइस एडमिरल आर हरि कुमार एवीएसएम, वीएसएम से रक्षा मंत्रालय (नौसेना) के एकीकृत मुख्यालय में कार्मिक प्रमुख के रूप में कार्यभार ग्रहण किया। वाइस एडमिरल रवनीत सिंह 01 जुलाई, 1983 को नौसेना में शामिल हुए थे। वे मास्टर ग्रीन इंस्ट्रूमेंट रेटिंग वाले एक योग्य फ्लाइंग इंस्ट्रक्टर हैं। एक फ्लैग ऑफिसर के तौर पर उन्होंने रक्षा मंत्रालय (नौसेना) के एकीकृत मुख्यालय में सहायक नियंत्रक कैरियर प्रोजेक्ट और सहायक नियंत्रक वारशिप प्रोडक्शन एवं एक्विजिशन के रूप में, गोवा में फ्लैग ऑफिसर गोवा एरिया / फ्लैग ऑफिसर नेवल एविएशन, मुम्बई में फ्लैग ऑफिसर कमांडिंग वेस्टर्न फ्लीट, मुम्बई में पश्चिमी नौसेना कमान मुख्यालय में प्रमुख तथा रक्षा मंत्रालय (नौसेना) के एकीकृत मुख्यालय महानिदेशक प्रोजेक्ट सीबर्ड के रूप में कार्य किए। कार्मिक प्रमुख के तौर पर, वे भारतीय नौसेना की कार्मिक शाखा के प्रधान हैं और प्रवेश, प्रशिक्षण, आजीविका प्रबंधन, अनुशासन, वेतन एवं भत्ते सहित नौसेना की सेवा और असैनिक कर्मचारियों के सभी कार्मिक मुद्दों के लिए उत्तरदायी हैं। वाइस एडमिरल आर हरि कुमार को एकीकृत रक्षा सेवा मुख्यालय में चेयरमैन चीफ ऑफ स्टाफ कमिटी के एकीकृत रक्षा प्रमुख के रूप में नियुक्त किया गया है।

# भारत ने किया पृथ्वी-2 मिसाइल का सफल रात्रि परीक्षण

### » 1000 केजी तक हथियार ले जाने में है सक्षम

**नईदिल्ली (आरएनएस)।** भारत ने परमाणु क्षमता संपन्न स्वदेश निर्मित पृथ्वी दो मिसाइल का फिर से रात में सफल परीक्षण किया। ओडिशा के तट से यह परीक्षण सशस्त्र बलों के लिए उपयोगकर्ता परीक्षण के तहत किया गया है। सतह से सतह तक मार करने में सक्षम इस मिसाइल के परीक्षण के करीब एक पखवाड़े पहले 20 नवंबर को पृथ्वी-2 का रात में एक के बाद एक इसी टेस्ट रेंज से सफल परीक्षण किया गया था।

सूत्रों ने कहा, पृथ्वी-2 का आज का परीक्षण सफल रहा और परीक्षण सभी मानकों पर खरा उतरा। यह नियमित परीक्षण था। पृथ्वी-2 की मारक क्षमता 350 किलोमीटर है। इसका परीक्षण चांदीपुर के एकीकृत परीक्षण रेंज से



शाम 7.50 बजे किया गया।

सूत्रों ने बताया कि 500-1,000 किलोग्राम मुखास्त्र ले जाने में सक्षम पृथ्वी-2 दो मिसाइल तरल प्रणोदन दो इंजनों से संचालित है। मिसाइल को उत्पादन स्टॉक से एकाएक चुना गया और सशस्त्र बलों के स्ट्रैटजिक फोर्स कमान (एसएफसी) ने संपूर्ण प्रक्षेपण गतिविधि को अंजाम दिया। यह परीक्षण डीआरडीओ के वैज्ञानिकों की निगरानी में किया गया।

# तिहाड़ जेल से बाहर आएंगे चिदंबरम, सुप्रीम कोर्ट ने शर्तों के साथ दी जमानत

### » आईएनएक्स मीडिया केस

**नईदिल्ली (आरएनएस)।** आईएनएक्स मीडिया केस में कांग्रेस नेता और पूर्व वित्त मंत्री पी. चिदंबरम को सुप्रीम कोर्ट से जमानत मिल गई है. चिदंबरम ने उनकी जमानत याचिका खारिज करने के दिल्ली हाईकोर्ट के 15 नवंबर के फैसले को शीर्ष अदालत में चुनौती दी थी.

कोर्ट ने चिदंबरम को 2 लाख के बॉन्ड और इतने ही रकम के दो हलफनामे पर जमानत दी है.

कोर्ट ने इसके साथ ही कहा कि जमानत मिलने के बाद भी चिदंबरम बिना कोर्ट की इजाजत



के विदेश नहीं जा सकेंगे. अदालत ने चिदंबरम को यह भी हिदायत दी है कि वो केस से जुड़े किसी गवाह से संपर्क न करें और न ही सार्वजनिक रूप से कोई भाषण दें.

इससे पहले जस्टिस आर भानुमति, जस्टिस ए एस बोपन्ना और जस्टिस ऋषिकेश राय की बेंच ने पूर्व वित्त मंत्री पी चिदंबरम की जमानत याचिका पर सुनवाई के दौरान प्रवर्तन निदेशालय को सभी दस्तावेज जमा करने का आदेश दिया था. जिसके बाद कोर्ट ने पिछले गुरुवार को इस मामले पर फैसला सुरक्षित रख लिया था.

आईएनएक्स मीडिया केस में सीबीआई ने पूर्व वित्तमंत्री पी. चिदंबरम को 21 अगस्त को गिरफ्तार किया गया था. पूछताछ के बाद उन्हें 6 सितंबर को तिहाड़ जेल भेज दिया गया था. एयरसेल मैक्सिस केस में उन्हें बेटे कार्ति के साथ जमानत मिल चुकी है. वहीं, आईएनएक्स केस में चिदंबरम की जमानत याचिका पर सुप्रीम कोर्ट ने आज चिदंबरम को भी जमानत दे दी.

बता दें सीबीआई ने 15 मई, 2017 को एक मामला दर्ज किया था, जिसमें आरोप था कि 2007 में तत्कालीन वित्त मंत्री पी चिदंबरम के कार्यकाल के दौरान विदेशी निवेश संवर्द्धन बोर्ड द्वारा आईएनएक्स मीडिया समूह को 305 करोड़ रुपये का विदेशी निवेश प्राप्त करने की मंजूरी देने में अनियमित्तायें हुई. इसके बाद प्रवर्तन निदेशालय ने भी मनी लॉन्ड्रिंग का मामला दर्ज किया.

# भारतीय रेलवे के साथ जर्मनी का हुआ अनुबंध

**नईदिल्ली (आरएनएस)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल को रेल के क्षेत्र में रणनीतिक परियोजनाओं पर सहयोग से संबंधित भारत और जर्मनी के बीच संयुक्त आशय घोषणा (जेडीआई) की जानकारी दी गई। संयुक्त आशय घोषणा (जेडीआई) पर पिछले महीने हस्ताक्षर हुए थे।

जर्मनी फेडरल गणराज्य के आर्थिक मामलों तथा ऊर्जा मंत्रालय के साथ संयुक्त आशय घोषणा (जेडीआई) भारतीय रेल को रेलवे के क्षेत्र में नवीनतम विकास और ज्ञान को साझा करने का मंच उपलब्ध कराएगा। संयुक्त आशय घोषणा (जेडीआई) सूचनाओं के



आदान-प्रदान, विशेषज्ञों की बैठक, सेमिनार तकनीकी दौरे तथा संयुक्त सहमति के सहयोगी परियोजनाओं के क्रियान्वयन की सुविधा प्रदान करेगा।

रेल मंत्रालय ने विभिन्न विदेशी सरकारों व नेशनल रेलवे साथ रेल क्षेत्र में प्रौद्योगिकी सहयोग के लिए समझौता ज्ञापनों/सहयोग ज्ञापनों/ प्रशासनिक व्यवस्थाओं/संयुक्त आशय घोषणा-पत्रों पर हस्ताक्षर किए हैं। सहयोग के इन क्षेत्रों में शामिल हैं- हाई स्पीड रेल, वर्तमान रेल मार्गो पर गति तेज करना, विश्वस्तरीय स्टेशनों का विकास, भारी वजन परिचालन, रेल अवसंरचना का आधुनिकीकरण आदि।

समझौता ज्ञापन/सहयोग ज्ञापन /प्रशासनिक व्यवस्था/ संयुक्त आशय घोषणा-पत्र विशिष्ट प्रौद्योगिकी क्षेत्रों में एवं जानकारी साझा करने के लिए तकनीकी विशेषज्ञों, रिपोर्टों व तकनीकी दस्तावेजों, प्रशिक्षण और सेमिनार/कार्याशाला के आदान-प्रदान की सुविधा प्रदान करता है।

## सूडान में चीनी मिट्टी की फैक्ट्री में विस्फोट, 18 भारतीयों की मौत

**खारतौम।** सूडान की राजधानी खारतौम में चीनी मिट्टी की एक फैक्ट्री में विस्फोट होने और आग लगने से कम से कम 23 लोगों की मौत हो गई और 130 लोग घायल हो गए। मरने वालों में 18 भारतीय हैं। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने इस घटना की पुष्टि की है। विदेश मंत्री ने कहा कि मुझे अभी सलूमी स्थित एक फैक्ट्री में विस्फोट की जानकारी मिली है। इस हादसे में 18 लोगों की मौत हो गई है, वहीं कई अन्य गंभीर रूप से घायल हुए हैं। सूडान में भारतीय दूतावास ने मंगलवार को हुई घटना में भारतीयों के मारे जाने की सूचना दी।

# प्रगति मैदान पर भू-मुद्रीकरण को मिली मंजूरी

### » फाइव स्टार होटल का होगा निर्माण

**नईदिल्ली (आरएनएस)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने योजना को मंजूरी दी है और एसपीवी के पक्ष में 611 करोड़ रूपये के मूल्य पर 99 वर्ष के लीज होल्ड के तहत 3.7 एकड़ भूखंड को हस्तांतरित करने के लिए भारत व्यापार संवर्धन संगठन (आईटीपीओ) को अधिकृत किया गया है। फाइव स्टार होटल के विकास और संचालन के लिए भारतीय पर्यटन विकास निगम (आईटीडीसी) तथा भारतीय रेलवे खानपान और पर्यटन निगम (आईआरसीटीसी) एक विशिष्ट उद्देश्य कंपनी का गठन करेंगे।

अंतर्राष्ट्रीय प्रदर्शनी और सम्मेलन केंद्र (आईईसीसी) परियोजना के कार्यान्वयन का कार्य तेजी से चल रहा है और इसके वर्ष 2020-21 तक पूरे होने की संभावना है।

प्रगति मैदान पर होटल निर्माण कार्य जल्द समाप्त करने के लिए एसपीवी आवश्यक कदम उठाएगी, जिनमें शामिल हैं-लंबी अवधि की लीज के आधार पर होटल के निर्माण, संचालन और प्रबंधन के लिए पारदर्शी व प्रतिस्पर्धी निविदा प्रक्रिया के तहत तीसरा पक्ष विकासकर्ता व संचालनकर्ता का चयन।

भारत की अवसंरचना और पर्यटन को सर्वश्रेष्ठ मानकों और सेवाओं के अनुसार विकसित करने से संबंधित सरकार की दृष्टि के अनुरूप आईटीपीओ प्रगति मैदान का पुर्नविकास कर इसे विश्वस्तरीय आईईसीसी बनाने के लिए इस मेगा परियोजना का कार्यान्वयन कर रहा है।

# अब 50 लाख लोग टहलने के दौरान कचरा उठाने होंगे प्रेरित

### » रक्षा मंत्रालय का स्वच्छता अभियान

**नईदिल्ली (आरएनएस)।** रक्षा मंत्रालय ने स्वच्छता पखवाड़ा की गतिविधियों के रूप में 7 दिसम्बर, 2019 को देशभर में टहलने के दौरान कचरा उठाने के कार्य में भागीदारी के लिए अपने कर्मियों और स्थानीय समुदाय के 50 लाख लोगों को प्रेरित करने का लक्ष्य निर्धारित किया है।

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह 7 दिसम्बर को दिल्ली छावनी में 'स्वच्छता दिवस' कार्यक्रम का नेतृत्व करेंगे। प्लास्टिक कचरे का संग्रह करके अपने आस-पास के



क्षेत्र को प्लास्टिक मुक्त बनाने के लिए समुदाय के बीच जागरूकता पैदा करना इसका उद्देश्य है। 'प्लास्टिक से रक्षा-स्वच्छता ही सुरक्षा' इस कार्यक्रम का नारा है।

रक्षा मंत्रालय की सभी तीनों सेनाएं, भारतीय तटरक्षक तथा सीमा सड़क संगठन (बीआरओ), राष्ट्रीय कैडेट कोर (एनसीसी), कैंटीन सर्विस डिवीजन (सीएसडी), आयुध कारखाना बोर्ड (ओएफबी), रक्षा सार्वजनिक उपक्रम, रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) आदि जैसे अन्य संगठन इस अभियान में सक्रिय भागीदारी करेंगे। यूनिटों के बीच एक प्रतियोगिता भी आयोजित की जाएगी। टहलने के दौरान कचरा उठाने के कार्य में भागीदारों की संख्या और संग्रहित प्लास्टिक की मात्रा के आधार पर विजेता चुना जाएगा। 'स्वच्छ भारत अभियान' सरकार के फ्लैगशिप कार्यक्रमों में शामिल है, जिसे 2014 में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा महात्मा गांधी की जयंती पर 'स्वच्छ भारत' के उनके सपने को साकार करने के लिए देशभर में शुरू किया गया था।

# तस्करी नेटवर्कों से निपटने नई प्रौद्योगिकी इस्तेमाल में लाना चाहिएः ठाकुर

**नईदिल्ली (आरएनएस)।** वित्त एवं कॉरपोरेट कार्य राज्य मंत्री अनुराग ठाकुर ने कहा कि नये जमाने के तस्करी नेटवर्कों की कार्य प्रणाली से प्रभावकारी ढंग से निपटने के लिए सूचनाओं को साझा करने, डेटा विश्लेषण के उपयोग और आधुनिक प्रौद्योगिकियों के इस्तेमाल पर फोकस करना चाहिए। ठाकुर ने यह बात आज नई दिल्ली में राजस्व खुफिया निदेशालय (डीआरआई) के 62वें स्थापना दिवस पर आयोजित विशेष कार्यक्रम के दौरान कही।

ठाकुर ने डीआरआई के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि यह निदेशालय अवैध अंतर्राष्ट्रीय व्यापार की रोकथाम करता है और इसके साथ ही देश को आर्थिक एवं भौतिक सुरक्षा भी मुहैया कराता है। उन्होंने कहा कि सक्रिय नेटवर्किंग के जरिए रोकथाम संभव है। ठाकुर ने कहा कि दरअसल यह नेटवर्किंग ही है जो आने वाले समय में नेट-वर्थ के रूप में उभर कर सामने आएगी।

उन्होंने स्वास्थ्य, पर्यावरण, संस्कृति एवं अर्थव्यवस्था के मुद्दों के संदर्भ में हिफाजत सुनिश्चित कर देशवासियों के कल्याण एवं सुरक्षा के लिए बुनियादी ढांचागत



सुविधाओं के सृजन पर फोकस किया। उन्होंने भारत का बेहतर भविष्य सुनिश्चित करने के लिए विशेषकर युवाओं को नशीली दवाओं की चपेट में आने से बचाने की जरूरत को रेखांकित किया।

इससे पहले वित्त मंत्रालय में राजस्व सचिव अजय भूषण पांडेय ने उत्कृष्ट कामकाज के लिए डीआरआई की भूरि-भूरि प्रशंसा की। पांडेय ने कहा कि उन्होंने राजस्व सचिव के रूप में डीआरआई के कामकाज को काफी करीब से अवलोकन किया है और इसके साथ ही उन्होंने डीआरआई कर्मियों द्वारा अपनी सामान्य ड्यूटी से परे जाकर पूरे समर्पण भाव के साथ काम करने को भी काफी करीब से देखा है। सीबीआईसी के अध्यक्ष पी.के. दास ने अपने संबोधन में कहा कि डीआरआई राष्ट्र निर्माण में उल्लेखनीय योगदान देता रहा है और उत्तर से लेकर दक्षिण तक तथा पूरब से लेकर पश्चिम तक डीआरआई द्वारा दर्ज की गई अपनी व्यापक मौजूदगी उसकी प्रतिबद्धता, प्रयासों और सामंजस्य के सटीक प्रमाण हैं। डीआरआई के महानिदेशक बालेश कुमार ने अपने स्वागत भाषण में कहा कि डीआरआई तकरीबन 60 वर्षों के अपने अस्तित्व के दौरान तस्करी की समस्या से निपटने में सबसे आगे रहा है और उसकी ओर से यह अथक प्रयास अब भी जारी हैं।